प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 320 बुधवार 12 नवम्बर, 2025 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## अखिलेश यादव ने पूछा, हमारी खुफिया जानकारी आखिर बार-बार क्यों विफल होती है?

नई दिल्ली 11 नवम्बर (एजेंसी)समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को दिल्ली में ऐतिहासिक लाल किले के पास हुए विस्फोट को रोकने में खुफिया विफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया। इस विस्फोट में कम से कम 8 लोग मारे गए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि राष्ट्रीय राजधानी में खासकर उस इलाके के पास, जहाँ प्रधानमंत्री हर स्वतंत्रता दिवस पर अपना वार्षिक भाषण देते हैं ऐसा विस्फोट कैसे हो सकता है।सपा प्रमुख ने यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा कि हमें पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री और सरकार इस बात का खुलासा जरूर करेंगे कि इसके पीछे कौन है जिसकी वजह से हमारी राजधानी, हमारे प्रतीक, जहाँ से प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर भाषण देते हैं इतनी बड़ी घटना घटी। हमारी खुफिया जानकारी हर बार क्यों विफल रही है? मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास हुए हालिया विस्फोट पर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और आश्वासन दिया कि सभी संबंधित एजेंसियां स्थिति को संभालने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।उन्होंने घायलों से मिलने के लिए अस्पताल जाने का भी जिक्र किया और उनके परिवारों के प्रति सरकार के सहयोग को दोहराया ताकि उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े

# अमित शाह ने आतंकवाद के खिलाफ अपनाया बेहद कड़ा रुख

## बोले- एक एक को ढूंढ़ कर सख्त सजा देगे

**वहीं भूटान दौरे पर मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हमले पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि "इस घटना के दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।" उन्होंने बताया कि उन्होंने रात भर एजेंसियों से संपर्क बनाए रखा और जांच की पूरी निगरानी की।**



नई दिल्ली 11 नवम्बर (एजेंसी)राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार धमाके की घटना के बाद हालात की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस कृत्य के हर एक अपराधी को खोजकर सख्त सजा दी जाए। उन्होंने एक्स (ग) पर पोस्ट करते हुए कहा, "दिल्ली कार ब्लास्ट पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस घटना के हर दोषी को पकड़ने का निर्देश दिया है। हमारी एजेंसियां किसी को नहीं छोड़ेंगी।" वहीं भूटान दौरे पर मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हमले पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि "इस घटना के दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।" उन्होंने बताया कि उन्होंने रात भर एजेंसियों से संपर्क बनाए रखा और जांच की पूरी निगरानी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और कहा कि जांच एजेंसियाँ तेजी से काम कर रही हैं और "किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा।"दूसरी ओर, जांच जैसे–जैसे आगे बढ़ रही है, कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, उत्तर प्रदेश की महिला डॉक्टर डॉ. शाहीन सईद इस आतंकी साजिश की अहम कड़ी के रूप में उभरी है। वह फरीदाबाद की अल–फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ी हुई थी और उसे पाकिस्तान–स्थित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद (श्रमड) के महिला भर्ती प्रकोष्ठ "जमात–उल–मोमिनात" की स्थापना का दायित्व सौंपा गया था। हम आपको बता दें कि डॉ. शाहीन के साथ तीन अन्य डॉक्टरों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे करीब 2,900 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ (जिसमें अमोनियम नाइट्रेट भी शामिल है) जब्त किया गया है।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि डॉ. उमर नबी, जो पुलवामा के लेथपोरा क्षेत्र के निवासी थे, वह वही व्यक्ति थे जो धमाके के वक्त कार चला रहे थे। माना जा रहा है कि शाहीन सईद और उनके साथियों की गिरफ्तारी की खबर मिलने के बाद उमर ने आत्मघाती विस्फोट कर दिया। डॉ. उमर भी अल–फलाह यूनिवर्सिटी से संबद्ध था। वाहन में अमोनियम नाइट्रेट, ईंधन और डेटोनेटर पाए गए हैं जिससे आत्मघाती हमले की संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने बताया कि गृह मंत्रालय को लगातार रिपोर्ट दी जा रही है। वहीं जम्मू–कश्मीर पुलिस ने उमर नबी की डीएनए पहचान के लिए उनकी माँ का सैंपल लिया है। एक अन्य आरोपी तारीक, जो कार की आपूर्ति में शामिल था, उसको हिरासत में लिया गया है। इस बीच, दिल्ली को हाई अलर्ट पर रखा गया है, सभी प्रवेश द्वारों और ट्रांजिट हब पर जांच बढ़ा दी गई है। लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है और आसपास यातायात को डायवर्ट किया गया है।देखा जाये तो दिल्ली के दिल में हुआ यह धमाका केवल एक "सुरक्षा चूक" नहीं, बल्कि भारत की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती देने वाली नई किस्म की आतंकी रणनीति का संकेत है। व्हाइट कॉलर टेरर नेटवर्क यानी शिक्षित, प्रोफेशनल और सामाजिक रूप से सम्मानित लोग जब आतंकवाद के औजार बन जाते हैं तो यह सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे कठिन मोर्चा बन जाता है। डॉक्टरों और विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षित वर्ग का इस साजिश में शामिल होना यह दर्शाता है कि कट्टरपंथी संगठन अब हथियारों से ज़्यादा ब्रेनवॉशिंग और साइकोलॉजिकल रिक्रूटमेंट पर जोर दे रहे हैं। यह नेटवर्क न केवल सीमाओं के पार से संचालित होता है बल्कि भारत के शहरी बौद्धिक तंत्र में भी अपनी जड़ें फैलाने की कोशिश करता है।सरकार और एजेंसियों के लिए यह समय है कि वे केवल हथियारबंद आतंकवाद पर नहीं, बल्कि "सॉफ्ट रेडिकलाइजेशन" पर भी कठोर कार्रवाई करें। विश्वविद्यालयों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और पेशेवर संस्थानों में छिपे ऐसे तत्वों पर निगरानी अनिवार्य है।

# दिल्ली विस्फोट: डिप्टी सीएम साव का दो टूक जवाब- दोषियों को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा, कोई बख्शा नहीं जाएगा

***भारत सरकार, भारत सरकार की एजेंसियों ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे पर लगातार गहन चर्चा कर रहे हैं। निश्चित रूप से जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। उचित जवाब दिया जाएगा।***



नई दिल्ली 11 नवम्बर (एजेंसी)छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साओ ने मंगलवार को दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए, साओ ने कहा कि केंद्र इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री साओ ने कहा कल दिल्ली में जिस तरह से यह घटना घटी, वह बेहद दुखद है। भारत सरकार, भारत सरकार की एजेंसियों ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे पर लगातार गहन चर्चा कर रहे हैं। निश्चित रूप से जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। उचित जवाब दिया जाएगा।उनकी यह टिप्पणी सोमवार शाम राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास एक हुंडई प20 कार में हुए विस्फोट के एक दिन बाद आई है, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में हुए घातक विस्फोट के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के एक और दौर की अध्यक्षता की, जिसमें एक दिन पहले आठ लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।बैठक दो घंटे से अधिक के ब्रेक के बाद आयोजित की गई। बैठक का पहला दौर सुबह 11 बजे गृह मंत्री के आवास पर हुआ। बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते और दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने भाग लिया।यह समीक्षा राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ी हुई सुरक्षा चिंताओं के बीच की गई है, क्योंकि कई एजेंसियां घ्लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट 1 और 4 के बीच ट्रैफिक सिग्नल के पास हुंडई प20 कार में शाम 7 बजे के आसपास हुए विस्फोट की जांच कर रही हैं।

# अंगोला से राष्ट्रपति मुर्मू ने गृह मंत्री शाह से जाना दिल्ली धमाके का हाल, एनआइए को जाँच



**राष्ट्रपति ने दिल्ली विस्फोट में हुई मौतों पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं दिल्ली में हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ।**

नई दिल्ली 11 नवम्बर (एजेंसी)अंगोला की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और कल शाम दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट के बारे में जानकारी ली। राष्ट्रपति ने दिल्ली विस्फोट में हुई मौतों पर अपनी संवेदना व्यक्त की थी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं दिल्ली में हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूँ। राष्ट्रपति 8 से 13 नवंबर तक अंगोला और बोत्सवाना की राजकीय यात्रा पर हैं।इस बीच, आठ लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने वाले विस्फोट के एक दिन बाद, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने इसे एक संभावित आतंकवादी कृत्य मानते हुए, जाँच राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी।यह निर्णय सोमवार शाम लगभग 7 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट की प्रकृति और उससे जुड़े संबंधों को लेकर चिंताओं के बीच आया है। एनआईए दिल्ली पुलिस से औपचारिक रूप से जाँच का कार्यभार संभालेगी और मामले के सभी पहलुओं की जाँच करेगी, जिसमें विस्फोट में प्रयुक्त सामग्री और संभावित आतंकी संबंधों की जाँच शामिल है। इससे पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की एक विस्फोट–पश्चात जाँच टीम ने फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम के साथ मिलकर घटनास्थल से फोरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए थे।मामले को एनआईए को सौंपना इस घटना की व्यापक और समन्वित जांच सुनिश्चित करने के केंद्र के इरादे को दर्शाता है। विस्फोट में आठ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में लगातार दो उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठकें हुईं। गृह मंत्री के आवास पर सुबह एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के पहले दौर में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते और दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने भाग लिया।

# इसे तुरंत रिहा करो...निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली बरी

***न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि कोली को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। अदालत ने कहा कि सुधारात्मक याचिका स्वीकार की जाती है। याचिकाकर्ता को आरोपों से बरी किया जाता है। याचिकाकर्ता को तत्काल रिहा किया जाए। इसके साथ ही निठारी मामले में कोली की 19 साल लंबी कानूनी लड़ाई का अंत हो गया।***



नई दिल्ली 11 नवम्बर (एजेंसी)2006 के निठारी सीरियल हत्याकांड मामले में एक अहम घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया और उसकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने निर्देश दिया कि अगर कोली किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है, तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। आदेश सुनाते हुए, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि कोली को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। अदालत ने कहा कि सुधारात्मक याचिका स्वीकार की जाती है। याचिकाकर्ता को आरोपों से बरी किया जाता है। याचिकाकर्ता को तत्काल रिहा किया जाए। इसके साथ ही निठारी मामले में कोली की 19 साल लंबी कानूनी लड़ाई का अंत हो गया।

क्यूरेटिव पिटीशन से बरी

सर्वोच्च न्यायालय ने कोली की क्यूरेटिव पिटीशन को स्वीकार कर लिया, जिसमें 2011 के सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें निठारी कांड के एक मामले में उसकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा गया था। कोली की अपील 12 अन्य मामलों में उसके बाद के बरी होने के आधार पर थी, जिसमें उसने तर्क दिया था कि उसे पहले दोषी ठहराने के लिए इस्तेमाल किए गए सबूतों को बाद में उन कार्यवाहियों में अविश्वसनीय माना गया था। यह फैसला कोली के खिलाफ बची हुई आखिरी दोषसिद्धि को प्रभावी रूप से रद्द कर देता है, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस साल जुलाई में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उसे पहले बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई, उत्तर प्रदेश सरकार और पीड़ित परिवारों द्वारा दायर अपीलों को खारिज कर दिया था।

निठारी कांड

निठारी हत्याकांड दिसंबर 2006 में नोएडा के निठारी गाँव में एक घर के पास नाले से कई मानव कंकाल मिलने के बाद प्रकाश में आया था। यह घर व्यवसायी मोनिंदर सिंह पंढेर का था और सुरेंद्र कोली उनके घरेलू सहायक के रूप में वहाँ काम करता था। पंढेर और कोली दोनों पर 2005 और 2006 के बीच इलाके में कई बच्चों और महिलाओं के अपहरण, बलात्कार और हत्या का आरोप था। केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूरे देश को झकझोर देने वाले इन जघन्य अपराधों से संबंधित 16 मामले दर्ज किए थे।

# क्या नीतीश का अनुभव पड़ा भारी?

## एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए की स्पष्ट जीत के संकेत, महागठबंधन के लिए निराशा

**एग्जिट पोल के अनुसार, बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की स्पष्ट बहुमत के साथ वापसी की भविष्यवाणी की गई है, जो 130 से 160 सीटें जीत सकता है। विभिन्न पोल सर्वेक्षणों में महागठबंधन को केवल 70-100 सीटों तक सीमित रहने का अनुमान है, जिससे विपक्षी खेमे में निराशा है और बिहार के राजनीतिक भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।**



नई दिल्ली 11 नवम्बर (एजेंसी)बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान समाप्त होने के साथ ही, एग्जिट पोल ने एनडीए गठबंधन के 130 से 160 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत के साथ वापसी की भविष्यवाणी की है। बिहार में बदलाव लाने के अपने तमाम वादों के बावजूद, महागठबंधन केवल 70 से 100 सीटों तक ही सिमट सकता है। पीपुल्स पल्स पोल सर्वे में कहा गया है कि एनडीए को 133–159 सीटें मिल सकती हैं, महागठबंधन को लगभग 75–101 सीटें मिलेंगी, जबकि जन सुराज को 0–5 सीटें और अन्य को 2–8 सीटें मिल सकती हैं।दैनिक भास्कर पोल के अनुसार, एनडीए को 145–160 सीटें मिल सकती हैं महागठबंधन को 73–91 सीटें मिल सकती हैं, जन सुराज का खाता खुलने की संभावना नहीं है, अन्य दल और निर्दलीय 5–10 सीटें जीत सकते हैं। डीवीसी रिसर्च पोल सर्वे के अनुसार, एनडीए को 137–152 सीटें, महागठबंधन को 83–98 सीटें, जन सुराज को 2–4 सीटें और अन्य को 4–8 सीटें मिलने का अनुमान है।वही मैट्रिज की बात करें तो यहां एनडीए को 147 से 167 सीटें मिलती हुई दिखाई दे रही है जबकि महागठबंधन के खाते में 70 से 90 सीटें जा सकती है। जनसुरज को पांच जबकि अन्य के खाते में 10 सीटें जाती हुई दिखाई दे रही है। इसके अलावा पीपल्स इनसाइड की बात करें तो 133 से 148 एनडीए, महागठबंधन को 87 से लेकर 102 तक, जन स्वराज 0 से दो और अन्य को 3 से 6 सीटें मिल सकते हैं। पी मार्क के अनुसार 142 से 162 सीटें एनडीए के खाते में जा सकती है। 80 से 98 सीटें महागठबंधन के खाते में जा सकती है। एक से चार सीटें जन सुराज जबकि अन्य के खाते में शून्य से तीन सीटें जा सकती हैं। इस बीच, चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार शाम 5 बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान किशनगंज जिले में 76.26 प्रतिशत दर्ज किया गया, इसके बाद कटिहार में 75.23 प्रतिशत, पूर्णिया में 73.79 प्रतिशत, सुपौल में 70.69 प्रतिशत, पूर्वी चंपारण में 69.02 प्रतिशत और बांका में 68.91 प्रतिशत मतदान हुआ।चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट एप्लिकेशन के अनुसार, शाम 5 बजे तक नवादा में सबसे कम 57.11 प्रतिशत मतदान हुआ। अररिया में 67.79 प्रतिशत, अरवल में 63.06 प्रतिशत, औरंगाबाद में 64.48 प्रतिशत, भागलपुर में 66.03 प्रतिशत, जहानाबाद में 64.36 प्रतिशत, कैमूर (भभुआ) में 67.22 प्रतिशत, पश्चिम चंपारण में 69.02 प्रतिशत और गया में 67.50 प्रतिशत मतदान हुआ।पहले चरण के मतदान में, राज्य में रिकॉर्ड 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ और जन सुराज सहित सभी राजनीतिक दलों ने उच्च मतदान को अपने पक्ष में बताया। 2025 के बिहार चुनाव में मुख्य मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच होगा। एनडीए में भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं।

# उनको पहचानिए जो योजनाओं का सबसे पहले लाभ लेते हैं और वंदे मातरम का विरोध करते हैं, बोले सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी में जनसभा को संबोधित किया और कहा कि ऐसे लोगों को पहचानिए जो सरकारी योजनाओं का सबसे पहले लाभ लेते हैं और वंदे मातरम् का विरोध करते हैं।**



बाराबंकी 11 नवम्बर (एजेंसी)मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जो वंदे मातरम का विरोध करते है उनके चेहरे पहचानिए। ये वही लोग है जो सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहली कतार में खड़े होते हैं। योगी ने कहा कि कांग्रेस तो चाहती ही नहीं थी कि लौह पुरुष सरदार पटेल का सम्मान हो। मुख्यमंत्री बाराबंकी के फतेहपुर कस्बे में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मंच पर आते ही उन्होंने सियावर रामचंद्र की जय के साथ संबोधन शुरू किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपसी मनमुटाव हो सकता है। मगर राष्ट्रीय एकता की बात हो तो सब एक हों। मतभेद भूलें। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर सुबह करीब 10रू30 बजे फतेहपुर स्थित अस्थायी हेलीपैड पर उतरा जहां जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया।मुख्यमंत्री ने आगमन के तुरंत बाद हेलीपैड के समीप स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद वे कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए, जहां सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित विशाल समारोह में मंच से संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 1734 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें सड़क, शिक्षा, सिंचाई, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

# सम्पादकीय

## एनसीपी की खलबली

महाराष्ट्र की भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन सरकार के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर लगे जमीन खरीद घोटाले के आरोप से महाराष्ट्र की राजनीति में जहां खलबली मच गई तो वहीं दूसरी ओर मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इस केस में एनसीपी शरद पवार खेमे में साफ़ तौर पर खलबली देखने को मिल रही है जहां एक तरफ शरद पवार ने पार्थ पवार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है और पार्टी की लाइन सेट कर दी है। वहीं दूसरी ओर सुप्रिया सुले पार्थ पवार के बचाव में पार्टी की लाइन के खिलाफ जाती नजर आ रही है। विदित हो कि महाराष्ट्र की भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन सरकार के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर लगे जमीन खरीद घोटाले के आरोप से एनसीपी में खलबली मच गई है। यह खलबली केवल अजित पवार गुट में ही नहीं है. बल्कि शरद पवार गुट में भी मची है. खास बात यह है कि पवार परिवार के कुछ लोग इस मामले सख्ती दिखा रहे हैं तो कुछ पार्थ के बचाव में भी है।



नफीस जाफरी

दरअसल अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी पर पुणे के पॉश इलाके में 1800 करोड़ की जमीन 300 करोड़ में खरीदने का आरोप लगा है। विवाद बढ़ने पर अजित पवार ने कहा कि यह डील रद्द कर दी गई है। जांच कमेटी बना दी गई है, जो एक महीने में अपनी रिपोर्ट देगी। अजित पवार की ओर से यह सफाई बीते दिनों ही आ गई थी। लेकिन उप मुख्यमंत्री अजित पवार की दलील के बाद भी मामला ठंडा पड़ता नजर नहीं आ रहा है। विपक्षी दल के साथ–साथ उनके परिवार के लोग भी सवाल उठा रहे हैं।

विदित हो कि शरद पवार ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का हवाला देते हुए, शरद पवार ने अपने पोते पार्थ पवार की कंपनी से कथित रूप से जुड़े विवादास्पद भूमि सौदे की जाँच का समर्थन किया। शरद पवार ने कहा, मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि मामला गंभीर है। इसलिए उन्हें जाँच करवानी चाहिए और तथ्यों को समाज के सामने रखना चाहिए। हालांकि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले पार्थ का बचाव करती नजर आईं। सुप्रिया सुले ने कहा कि मुझे पार्थ पर भरोसा है और वह कुछ भी गलत नहीं करेगा। सुप्रिया सुले ने बताया कि मैंने पार्थ को फोन किया और उनसे पूरा मामला समझाने को कहा। इस पर पार्थ पवार ने मुझे बताया कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है और मैंने अपने वकीलों से बात कर ली है। इसलिए अगर पार्थ पवार ने अपने वकीलों से बात की है, तो वकील ही इस बारे में बताएंगे। इस मामले पर सवाल उपस्थित करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि पुणे में ज़मीन का मामला आख़िर है क्या? राज्य सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भी यह स्पष्ट करना चाहिए। चूंकि इस मामले में बहुत सारा भ्रम फैला हुआ है, इसलिए इस मामले में कई सवाल उपस्थित होते हैं। मेरा सवाल यह है कि यह जमीन सरकारी थी, तो क्या इसे बेचा जा सकता है? अगर बेचा जा सकता है, तो क्या लेन–देन नियमों के मुताबिक़ हुआ था? हालांकि शरद पवार बेटी सुप्रिया सुले की पार्थ पर की गई टिप्पणी से भी सहमत नहीं दिखे। सुले ने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि पार्थ कुछ गलत करेंगे। शरद पवार ने कहा, यह उनका (सुप्रिया का) विचार हो सकता है। शरद पवार ने ज़ोर देकर कहा कि प्रशासन, राजनीति और परिवार अलग–अलग हैं। एक परिवार के रूप में हम (पवार) एक हैं लेकिन हम वैचारिक रूप से विभाजित हैं। मेरे एक पोते ने अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था, और अजित पवार की पत्नी ने मेरी बेटी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। तो वहीं दूसरी ओर रोहित पवार ने भी पूरे मामले पर मौन साधा हुआ है। विपक्ष के साथ सरकार को हर वक्त गरजने वाले रोहित पवार ने इस कथित जमीन घोटाले पर पार्थ पवार का नाम आने से चुप्पी साध ली है। शरद पवार से जब पूछा गया कि पार्थ पवार का नाम एफआईआर में क्यों नहीं डाला गया नहीं है? तब शरद पवार ने कहा कि इसका जवाब तो गृहमंत्री ही दे सकते हैं। जब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जो राज्य के गृहमंत्री भी है, उनसे यह सवाल पूछा गया तब उन्होंने कहा कि मैंने इसका कारण स्पष्ट रूप से बताया है। यह एक एफआईआर है। एफआईआर का मतलब फर्स्ट इनफॉरमेशन रिपोर्ट है। केवल जिनके हस्ताक्षर इसमें हैं। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाता है। इसलिए, कंपनी के अधि.त हस्ताक्षरकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिन्होंने यह सारा लेन–देन किया। इसके साथ ही, सरकार में उन लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है जिन्होंने इस संबंध में मदद की. हम किसी को बचाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। किसी को बचाने का कोई कारण नहीं है। जो हुआ वह नियमों के तहत हुआ है। मैंने पहले भी कहा है कि अगर इस अपराध की जांच के दौरान किसी की संलिप्तता पाई जाती है, तो हमें कार्रवाई करनी होगी. यह कार्रवाई नियमों के तहत की गई है।

# मोदी-अडानी-अंबानी पर भरोसा रखो

आंखें थकती नहीं। दिमाग रुकता नहीं। तब भला बुढ़ापा कैसा होगा?मैं बूढ़ा नहीं हूं लेकिन उम्र सत्तर की है। और दिमाग ने लगभग पचास साल भारत और भारत के लोगों पर गौर करते हुए बिताए हैं तो शायद यही वजह है जो कोई दिन ऐसा नहीं आता जब यह सवाल मन में न उठे कि आखिर हम लोग क्या मनुष्य और पशु में फर्क समझते हैं? फर्क है भी या बस शब्दों का छलावा है?मैं कल कोई बारह घंटे दिल्ली से 150 किलोमीटर दूर गया और लौटा। और सफर ने फिर याद दिलाया कि देश में सचमुच हवा याकि सांस में जहर साल–दर–साल घना होता जा रहा है।

सुबह साढ़े दस बजे घर से निकला। फिर भी घर से दिल्लीदृमुंबई एक्सप्रेसवे पर जैसे–जैसे गाड़ी बढी तो अलवर से आगे राजगढ़ तक ध ुएं–जहरीली हवा की मोटी परत में बेचारा सूरज मटमैला मरा पड़ा था। हवा का प्रदूषण इतना गहरा और सघन कि कार के अंदर एसी चलने के बावजूद सांस घुटती हुई। गुरुग्राम से लेकर सोहना और फिरोजपुर झिरका तक ऐसा लगा मानों शरीर हवा नहीं, धूल खींच रही हो। गजब यह कि दिल्ली से लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर के बाद जा कर राजगढ़ में सूरज धूल–धुएं की दीवार को चीरता हुआ प्रकट हुआकृथका सा, मगर जीवित।

इसके बाद नए अनुभव। एक्सप्रेसवे से नीचे उतरा तो अहसास हुआ कि आज देवउठनी ग्यारस है। गांवों की सडकों पर आस्था और उत्सव की भीड़ थी। बड़े पैमाने पर आयोजित सामूहिक विवाह और मंदिरों की ओर जाती भीड़, और लाउडस्पीकर–डीजे भी। लौटते वक्त मैंने जो देखा, वह अकल्पनीय था। जनरेशन अल्फा के बच्चे (यानी जेड के बाद की वह नई पीढ़ी जो अभी आठदृबारह साल की है) फुटपाथ के किनारे, धुल में लुढकते मंदिरों की ओर जा रहे थे। मिट्टी गंदी और कचरा लिए हुए। विश्वास–आस्था उसी मिट्टी में लुढक रहा था जो खुद गंदगी में दम घोंट रही थी।

फिर एक और हकीकत खुली। मैं बाहर जाता हूं तो बोतलबंद पानी जरूरी होता है। आखिर रास्ते में याकि सार्वजनिक जन धर्म में अब कही भी पेयजल का नल नहीं दिखता है। यह विकसित भारत की सचमुच सच्चाई है। हम गाडियों को उछलवाता–कूदाता एक्सप्रेसवे बनवा रहे है पर उसके किनारे की चाईनीज सामानों की साजसज्जा के आलीशान ठहरावों में पेयजल का एक नल नहीं मिलेगा। तभी हर किसी के हाथ में बोतलबंद पानी की बोतल अनिवार्य है। इसलिए भी क्योंकि भारत में जल भी अब जल नहीं रहा है। वह एक धंधा है। संकट है इसलिए दुर्लभ वस्तु बन महंगा बिकता है।

एक और ऑब्जर्वेशन। गांव–देहात में (अलवर–दौसा पट्टी में) सडक किनारे की गुमटियों में कोल्ड ड्रिंक डिव्यू की दो लीटर वाली बोतलें बेइंतहां दिखलाई देती हैं। मजदूर हों या किसान, सभी की आदत सी हो गई है जो फुरसत या चाय ब्रेक में इस कथित कोल्ड ड्रिंक की बोतल को कागज के गिलासों में भरकर पीते हैं। चाय की जगह अब 'डिव्यू पानी'। लगा यह तो अमृतकाल ही है। भला पानी की जगह गरीब भी पैकेज बोतल का सोडा या खटा–मीठा अमृत घटक रहा है! मोदीजी के विकसित भारत के समय का अमृत गरीब का भी टाइमपास है, एक चस्का है!

# पाकिस्तान ने दी धमकी तो अफ़ग़ानिस्तान ने भी दिखाए कड़े तेवर



गुलफिशा खान

पाकिस्तान–अफगानिस्तान के बीच तीसरे दौर की शांति वार्ता भी फेल हो गई। दोनों के बीच शांति के लिए बातचीत तुर्की के इस्तांबुल में हो रही थी, लेकिन ये बेनतीजा रही। दरअसल बातचीत के दौरान पाक डेलिगेशन कोई तार्किक तर्क नहीं दे सका और उसने वार्ता से हटने का फैसला लिया। उसके इस फैसले से कतर और तुर्की भी हैरान रह गए। सूत्रों के मुताबिक, पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि तालिबान शासन सीमा पार आतंकवाद पर लिखित गारंटी देने के लिए तैयार नहीं है, जिसकी वजह से बात नहीं बनी। बातचीत में शामिल मध्यस्थ भी अब थक गए हैं। किसी नई कोशिश की संभावना बहुत कम है। उन्होंने तालिबान पर गंभीर आरोप भी लगाए। आसिफ का कहना है कि आतंकवाद से निपटने के लिए वह गंभीर नहीं हैं। जबकि पाकिस्तान अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। यही कारण रहे कि इस्तांबुल वार्ता के दौरान कोई ठोस समझौता नहीं हो सका। दोनों दौर की बातचीत में पाक डेलिगेशन मूल मुद्दों को हल नहीं कर सका। इस्लामिक अमीरात ने बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए उचित और तार्किक प्रस्ताव दिए, जो मध्यस्थों ने विश्वसनीय लगे।

तो वहीं दूसरी ओर दोनों के बीच बातचीत विफल रहने का नतीजा लगातार



सीमा पर देखने को मिल रहा है। दोनों के बीच तनाव फिर भड़क गया है। जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अधिकारी सीमा पार चरमपंथ का स्थायी समाधान खोजने के लिए तुर्किये में वार्ता कर रहे थे, उसी समय दोनों देशों की सेनाओं के बीच गोलीबारी हुई। यहां यह बता दें कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच 11 से 15 अक्टूबर के बीच हुई झड़पों में दोनों पक्षों के ही नुकसान की खबर है। हालांकि, एक अस्थायी संघर्षविराम के बाद स्थिति को काबू में कर लिया गया था। संघर्षविराम को बढ़ा दिया गया था। लेकिन बीते दिनों फिर से गोलीबारी हुई और सीजफायर खतरे में पड़ गया। हालांकि, बाद में स्थिति को कंट्रोल कर लिया गया। दोनों देशों ने ही इस गोलीबारी के लिए एक–दूसरे को दोषी ठहराया।अब समाचार यह है कि पाकिस्तान से तीसरे दौर की शांति वार्ता भी फेल होने के बाद अफगानिस्तान ने खुली धमकी दे दी है। अफगानिस्तान ने कहा है कि अगर पाकिस्तान जंग चाहता है तो वह भी तैयार है। इस बीच अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में पाकिस्तानी सेना के हमले के बाद ऐसी अटकलें तेज हो गई हैं कि दोनों देशों के बीच फिर से जंग छिड़ सकती है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ लगातार अफगानिस्तान को जंग की खुली धमकी दे रहे हैं। अब अफगान सरकार ने कड़े शब्दों में बयान जारी करके पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया है। अफगान सरकार का मानना है कि पाकिस्तान के गैरजिम्मेदाराना बर्ताव और अड़ियल रवैये की वजह से शांति वार्ता अनिश्चित दौर में चली गई है। अफगानिस्तान ने सख्त रुख अपनाते हुए पाकिस्तान को चेतावनी दे दी है कि वह किसी तीसरे देश के खिलाफ अपनी धरती का इस्तेमाल नहीं होने देगा और न ही अपनी संप्रभुता और आजादी पर आंच आने देगा। अफगान सरकार किसी भी आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब देने का वादा करते हुए कहा कि अपने लोगोंऔर जमीन की रक्षा करना उसका इस्लामी और राष्ट्रीय कर्तव्य है। तालिबान ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान के मुस्लिम उसके भाई हैं लेकिन वह अपनी हदों में रहकर ही सहयोग कर सकता है। तालिबान ने अपने अंदरूनी सुरक्षा मामलों में दखल की पाकिस्तान की कोशिशों को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वह इस्लामाबाद के लिए पुलिस एजेंट के तौर पर काम नहीं करेगा। वह कोई ऐसा वादा नहीं करेगा जिनका इस्तेमाल विदेशी दखल को सही ठहराने के लिए किया जा सके।

# एग्जिट पोल की माने तो बिहार में हो रही है एनडीए की फिर वापसी



फरीद वारसी

बिहार चुनाव में दूसरे चरण का मतदान होने के साथ ही विधानसभा चुनाव पूरा हो गया। इस बार दोनों चरणों में बिहार के वोटर्स ने जमकर भागीदारी की। यही वजह रही कि बिहार में रिकॉर्डतोड़ वोटिंग हुई। अब एग्जिट पोल के भी नतीजे सामने आ गए हैं। जिनमें से ज्यादातर एग्जिट पोल में जहां एनडीए को साफ बहुमत दिखाया जा रहा है। वहीं महागठबंधन को नकुसान उठाना पड़ रहा है। एग्जिट पोल के अनुसार बिहार में फिर एक बार एनडीए की सरकार बनने जा रही है। लगभग सभी एक्जिट पोल इसी ओर इशारा कर रहे हैं। एक्जिट पोल की मानें तो इस बार बिहार में सबसे बड़ी पार्टी नीतीश कुमार की जेडीयू बनने जा रही है। भाजपा दूसरे नंबर की पार्टी बन सकती है। जेडीयू को अधिकतम 67–75 तो, भाजपा को 65–73 सीटें मिल सकती हैं। लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली राजद को67–68 सीटेंवहीं, कांग्रेस की सीटें भी काफी घटती हुई नजर आ रही हैं। एक्जिट पोल में चिराग को 6–7 सीटें मिलने का अनुमान जाहिर किया गया है। पिछली बार चिराग ने अलग चुनाव लड़ा था। उससे नीतीश की पार्टी जेडीयू को नुकसान हुआ था, लेकिन आरजेडी को फायदा हुआ था। असर यह हुआ था कि आरजेडी और



भाजपा टक्कर में आ गई थीं। इस बार चिराग के एनडीए में आने से इसका सीधा फायदा जेडीयू को होता दिख रहा है। प्रशांत किशोर को बिहार में एक्स फैक्टर कहा जा रह था, लेकिन एग्जिट पोल की भविष्यवाणी बता रही है कि यह बस शोर था, नतीजे वैसे नहीं आएंगे। उनकी जन सुराज पार्टी को 0–2 सीटें मिलने का अनुमान जाहिर किया गया है।

एग्जिट पोल में सबसे बड़ी बात यह है कि नीतीश कुमार भाजपा से आगे निकल सकते हैं। यानी उनका कद भाजपा से बड़ा हो जाएगा। वह बड़े भाई की भूमिका में होंगे। मैट्रिज के एग्जिट पोल के मुताबिक जेडीयू को अधिकतम 67–75 तो, भाजपा को 65–73 सीटें मिल सकती हैं। अगर ऐसा है तो नीतीश के पक्ष में जमकर लहर चली है। महिलाओं की कतारें नीतीश के लिए लगी थीं। पिछली बार जेडीयू की 43 सीटें थीं। इस बार भाजपा और जेडीयू बराबर 101–101 सीटों पर लड़ें। लेकिन जेडीयू ने अपने प्रदर्शन को पिछली बार से कहीं बेहतर किया है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा और जेडीयू ने 101–101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। भाजपा को उम्मीद थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी वह बिहार में जेडीयू से ज्यादा सीटें हासिल करेगी। लेकिन एग्जिट पोल कुछ और ही तस्वीर दिखा रहे हैं। जेडीयू को एग्जिट पोल में जहां लगभग 20 सीटों का फायदा होता नजर आ रहा है। वहीं, भाजपा को 10–15 सीटों का घाटा होता दिख रहा है। भाजपा ने पिछले चुनाव में 74 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार 65–73 सीटें मिलती नजर आ रही हैं।

वहीं देखने वाली बात यह है कि असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस चुनाव में बड़े–बड़े दावे किये थे। सीमांचल से मुख्यमंत्री बनने का सपना भी देखा। लेकिन एग्जिट पोल में एआईएमआईएम को पिछली बार के मुकाबले 4 सीटों का नुकसान होता नजर आ रहा है। ओवैसी की पार्टी को 2020 के चुनाव में 5 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। लेकिन इस बार एग्जिट पोल में एआईएमआईएम को सिर्फ एक सीट मिलती नजर आ रही है। एग्जिट पोल्स में कांग्रेस को इस बार भारी नुकसान होता नजर आ रहा है। पिछले चुनाव में कांग्रेस को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। लेकिन इस बार एग्जिट पोल्स कांग्रेस के खाते में सिर्फ 10 से 12 सीटें आती हुई दिखा रहे हैं।

# पर्यावरण: सोचने की फुर्सत किसी को नहीं

रोहित कौशिक

लैंसट की हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में भारत में 17 लाख से अधिक लोगों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हुई। 'द लैंसट काऊंटडाऊन ऑन हैल्थ एंड क्लाइमेट चेंज 2025' रिपोर्ट में वायु प्रदूषण और संबंधित मौतों के लिए जीवाश्म ईंधन धन (जैसे कोयला और पैट्रोल) को प्रमुख कारण बताया गया है। यह रिपोर्ट जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों पर प्रकाश डालती है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे सूर्य का प्रकाश, पवन और पानी) को बढ़ावा देने की सिफारिश करती है। हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कई दावों के बावजूद जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता कम नहीं हो रही है। इस उत्तर भारत के कई शहरों में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली–एन.सी.आर. में कई जगहों पर पी.एम. 2.5 और पी.एम. 10 कणों का स्तर मानक से कई गुणा अधिक पाया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हर साल अक्तूबर–नवम्बर में दिल्ली–एन. सी.आर. तथा देश के कई भागों में प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है। इस प्रदूषण के लिए किसानों द्वारा पराली जलाने को एक बड़ा कारण माना जाता है लेकिन वास्तविकता यह है कि पराली जलाना इस समस्या का एक कारण है। कुछ लोग और बुद्धिजीवी किसानों द्वारा पराली जलाने की प्रक्रिया को ऐसे प्रचारित करते हैं जैसे इस प्रदूषण का केवल यही एक कारण है। केवल पराली जलाने की प्रक्रिया को ही इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। इसके साथ ऐसे अनेक कारण हैं जो उन दिनों प्रदूषण बढ़ाकर हवा की गुणवत्ता खराब करते हैं। दरअसल वायु प्रदूषण बढने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस सम्बन्धी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है। वायु प्रदूषण बढने पर सरकारें जरूर सक्रिय होती हैं लेकिन जैसे ही प्रदूषण कम होता है, सरकारें पुनरू सो जाती हैं। जबकि वायु प्रदूषण कम करने वाले उपायों पर पूरे साल सक्रियता के साथ काम होते रहना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि कोई भी तकनीक प्रदूषण को कम करने में सहायता तो कर सकती है लेकिन इसे पूरी तरह से खत्म नहीं कर सकती। कई बार मौसम में परिवर्तन भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होता है। रही–सही कसर हमारी नासमझी और मानवीय गतिविध ियां पूरी कर देती हैं। यही कारण है कि प्रदूषण कम करने के लिए नीतियां तो बनती हैं लेकिन उनका सही ढंग से क्रियान्वयन न होने के कारण नतीजा ढाक के तीन पात रहता है। सरकारी नीतियों के सही ढंग से क्रियान्वयन के साथ जब तक जनता पूर्ण रूप से जागरूक नहीं होगी, वायु प्रदूषण को पूरी तरह से कम नहीं किया जा सकता। दरअसल धूल, धुएं और कुहासे से बना स्मॉग हमारे लिए कई समस्याएं पैदा करता है। जब ईंध न जलता है, वायुमंडलीय प्रदूषण या गैसें हवा में मौजूद सूरज की रोशनी और वातावरण में इसकी गर्मी के साथ प्रतिक्रिया करती हैं, जिससे स्मॉग बनता है। इस मौसम में हर साल इस स्मॉग के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। निर्माण कार्य भी इस प्रदूषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही वाहनों का प्रदूषण भी इस स्मॉग को बढ़ाता है। गौरतलब है कि काफी वायु प्रदूषण वाहनों के माध यम से होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बनमोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड , हाइड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसें होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बनमोनो ऑक्साइड जब सांस के माध्यम से शरीर के अन्दर पहुंचता है। तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सी हीमोग्लोबिन नामक तत्व बनाता है। इस तत्व के कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू रूप से नहीं हो पाता है। नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजनमानोऑक्साइड , कार्बनमोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। इसी तरह नाइट्रोजन डाइऑक्साइड फेफड़ों के लिए बहुत ही खतरनाक है। इसकी अधिकता से दमा और ब्रोंकाइटिस जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। वातावरण में हाइड्रोकार्बन की अधिकता कैंसर जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। वाहनों से निकलने वाला इथाईलीन जैसा हाइड्रोकार्बन थोड़ी मात्रा में भी पौधों के लिए हानिकारक है। सस्पेन्डेड परटिकुलेट मैटर बहुत छोटे–छोटे कणों के रूप में विभिन्न स्वास्थ्यगत समस्याएं पैदा करते हैं। ऐसे तत्व हमारे फेफड़ों को नुकसान पहुंचाकर सांस संबंधी रोग उत्पन्न करते हैं। वास्तविकता यह है कि आज पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुर्सत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। इसीलिए हम




पर्यावरण के हर अवयव की इज्जत करना जानते थे। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। उदारीकरण की आंधी ने तो हमारे समस्त ताने–बाने को ही नष्ट कर दिया। इस प्रक्रिया ने पर्यावरण के अनुकूल समझ विकसित करने में बाधा पहुंचाई। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फि र हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि प्रदूषण की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। पर्यावरण की कोई ऐसी परिधि नहीं होती है कि एक जगह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन या प्रदूषण होने से उसका प्रभाव दूसरी जगह न पड़े। इसीलिए इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिन्ता देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या खोखले आदर्शवाद से वायु प्रदूषण का मुद्दा हल हो सकता है।

# हथियारों की अंधी दौड़ की सौगात देते ट्रंप



Vमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की घोषणा पर दुनिया में जबरदस्त हलचल मच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 33 साल बाद परमाणु परीक्षण का आदेश दिया है। चीन और रूस की टेस्टिंग के बीच यह फैसला वैश्विक तनाव बढ़ा सकता है और एनपीटी समझौते पर सवाल खड़े करता है।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया में सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं लेकिन इंटरनेशनल कैंपेन टू एबॉलिश न्यूक्लियर वेपंस के अनुसार, रूस के पास लगभग 5,500 परमाणु वारहेड हैं, जबकि अमेरिका के पास करीब 5,044 हैं।

हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु हमले की तैयारी के अभ्यास का आदेश दिया था। रूसी सेना ने इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यार्स और सिनेवा मिसाइल का परीक्षण किया, साथ ही टीयू–95 बमवर्षक विमान से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल भी दागी। ट्रंप ने इन परीक्षणों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि पुतिन को युद्ध खत्म करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि मिसाइल टेस्ट करने पर।

ट्रंप के परमाणु परीक्षण के आदेश से वैश्विक स्तर पर हड़कंप मच गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम वैश्विक निरस्त्रीकरण प्रयासों को कमजोर कर सकता है और न्यूक्लियर नॉन–प्रोलिफरेशन ट्रीटी का उल्लंघन भी माना जा सकता है, जिसे अमेरिका ने 1992 में साइन किया था।

आपको बता दें कि इस पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर ट्रम्प के बयान की तीखी आलोचना की। उनका कहना था कि अपने रक्षा विभाग का नाम बदलकर युद्ध विभाग रखने वाला परमाणु हथियारों से लैस दबंग देश खुद परमाणु हथियारों का परीक्षण करने जा रहा है। यही दबंग देश ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को बदनाम कर रहा है और हमारे सुरक्षित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की धमकी दे रहा है।

इससे पहले ये जानना जरूरी है कि परमाणु परीक्षण क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं। नाभिकीय अस्त्र परीक्षण या परमाणु परीक्षण उन प्रयोगों को कहते हैं जो डिजाइन एवं निर्मित किए गए नाभिकीय अस्त्रों के प्रभाविकता, उत्पादकता एवं विस्फोटक क्षमता की जांच करने के लिए किए जाते हैं। परमाणु परीक्षणों से कई जानकारियां प्राप्त होतीं हैं जैसे ये नाभिकीय हथियार कैसा काम करते है, विभिन्न स्थितियों में ये किस प्रकार का परिणाम देते है, भवन एवं अन्य संरचनाएं इन हथियारों के प्रयोग के बाद कैसा कितना सुरक्षित रहती हैं। इसके अलावा परमाणु परीक्षणों से वैज्ञानिक, तकनीकी एवं सैनिक शक्ति का प्रदर्शन करने की कोशिश भी की जाती है।

बीसवीं सदी में कई देशों ने परमाणु परीक्षण किए थे। पहला परमाणु परीक्षण अमेरिका ने 16 जुलाई, 1945 में किया था जिसमें 20 किलोटन का परीक्षण किया गया था। अब तक का सबसे बड़ा परमाणु परीक्षण सोवियत रूस में 30 अक्टूबर 1961 को किया गया था जिसमें50 मेगाटन के हथियार का परीक्षण किया गया था। इसे अलावा 25 मई, 2009 को उत्तरी कोरिया ने परमाणु परीक्षण किया था, जिसे विश्व के अधिकांश देशों ने निंदनीय बताया है। विश्व के परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों ने अब तक कम से कम 2000 परमाणु परीक्षण किए हैं। हालांकि अब इस पर अंतर्राष्ट्रीय कानून बने हुए हैं, जिनका पालन करना दुनिया के हर देश का कर्तव्य है, लेकिन अब ट्रम्प ने परमाणु परीक्षण की बात कहकर दुनिया में हलचल मचा दी है। अगर अब परमाणु परीक्षण होता है, तो यह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। इस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने परमाणु परीक्षण की बात कहकर इन कानूनों का उल्लंघन किया है। ईरान के विदेश मंत्री का साफ कहना था कि अमेरिका दुनिया में परमाणु प्रसार का सबसे बड़ा खतरा है। उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने दक्षिण कोरिया में एशिया–प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से इतर चीन के प्रध ानमंत्री शी जिनपिंग से मुलाकात से ठीक पहले 30 अक्टूबर को अपने ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा था कि उन्होंने अमेरिका के रक्षा विभाग को परमाणु हथियारों के परीक्षण का आदेश दिया है। अन्य देशों के परीक्षण कार्यक्रमों के कारण, मैंने युद्ध विभाग को निर्देश दिया है कि वे हमारे परमाणु हथियारों का समान परीक्षण शुरू करें। रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रूस ने हाल में कोई परीक्षण नहीं किया है, लेकिन अगर अमेरिका ऐसा करता है, तो रूस भी परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू कर देगा। सोवियत संघ ने आखिरी बार 1990 में, अमेरिका ने 1992 में और चीन ने 1996 में परमाणु हथियार का परीक्षण किया था। चीन ने हालांकि ट्रम्प के बयान पर संतुलित रुख अपनाया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन का कहना था कि बीजिंग को उम्मीद है कि अमेरिका व्यापक परमाणु परीक्षण–प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) और परमाणु परीक्षणों पर उसके प्रतिबंध का पालन करेगा। नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाले जापानी परमाणु बम पीड़ितों के समूह निहोन हिडांक्यो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा की कड़ी आलोचना की है और इसे पूरी तरह अस्वीकार्य बताया है।

## यातायात माह : पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने व यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यातायात माह के तहत जिले में विशेष अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के सख्त निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट चलाने वालों चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट न लगाने वालों बिना फिटनेस प्रमाणपत्र व नंबर प्लेट वाले वाहनों व नाबालिगों द्वारा ई–रिक्शा चलाने पर कड़ी कार्रवाई की। साथ ही, हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाते हुए चालान जारी किए गए।यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक लालजी सविता के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों बाजार क्षेत्रों और हाईवे पर व्यापक जांच की गई। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व के बारे में बताया गया, जबकि कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया। बिना फिटनेस वाले पुराने वाहनों और बिना नंबर प्लेट लगे वाहनों के मालिकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से नाबालिगों को ई–रिक्शा चलाने से रोका गया, क्योंकि यह सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। हाईवे पर अवैध पार्किंग को हटाने से ट्रैफिक प्रवाह सुगम हुआ। अभियान के दौरान चालान जारी करने के साथ–साथ उन्हें प्रचार–प्रसार सामग्री पंफलेट, पोस्टर वितरित किए गए, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों दुर्घटना रोकथाम के उपायों और सुरक्षित ड्राइविंग के टिप्स दिए गए थे। यातायात पुलिस ने चालकों से अपील किया कि वे नियमों का पालन करें ताकि जिले में सड़क हादसों की संख्या में कमी आए। एसपी अनूप कुमार सिंह ने कहा कि यह अभियान 30 नवंबर तक जारी रहेगा और इसका मुख्य लक्ष्य जन–जन को जागरूक कर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। अभियान से शहरवासियों में यातायात नियमों के प्रति सजगता बढ़ी है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है।

## मौलाना कलाम की यौम-ए-पैदाइश पर हुई प्रतियोगिताएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ० भीमराव अंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ० राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की यौम–ए–पैदाइश पर कौमी यौम–एतालीम और यौम–ए–उर्दू मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और गज़ल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। उर्दू शायरी में कौमी यकजेहती विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए प्रथम वर्ष की जैनब ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की नाज़ ने द्वितीय स्थान और बीए प्रथम वर्ष की हसीना बेगम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग़ज़ल प्रतियोगिता में अलीशा बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम, ज़ुबैदा बीए तृतीय वर्ष ने द्वितीय और जैनब खान बी०ए० तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण–प्रतियोगिता में प्रो० प्रशांत द्विवेदी, डॉ० मधुलिका श्रीवास्त और डॉ० अनुष्का छौंकर ने, गज़ल प्रतियोगिता में बृजेश पाल, डॉ० राज कुमार और आनंद नाथ ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इतिहास विभाग के आनंद नाथ ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ० राजेश कुमार यादव ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे और उन्होंने यूजीसी, आईआईटी, आईसीसीआर जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों की बुनियाद रखी। इस अवसर पर प्रो० शकुंतला, प्रो० लक्ष्मीना भारती, प्रो० प्रशांत द्विवेदी, डॉ० शरदचंद राय, डॉ० चारू मिश्रा, डॉ० रमेश सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एसआईआर को लेकर मतदाता परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर फार्म भरने में हो रही



मनमानी पर ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं। हुसैनगंज विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर गौती में बीएलओ की कार्यशैली पर सवाल उठने लगें है। बीएलओ द्वारा एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची फार्म भरने के लिए प्राथमिक विद्यालयों में बुलाकर स्कूल में फॉर्म भर रहें हैं। जबकि उच्चाधिकारियो व निर्वाचन आयोग के अनुसार सभी तैनात बीएलओ अपने कार्य क्षेत्रों में सभी के घरों में जाकर डोर–टू–डोर सूची कस कम्प्लीट, करेंगे। ज़बकि एक जगह लगेगा कैम्प तो कैसे होगा सर सूची पूरी, क्योंकि सभी को जानकारी होनी चाहिए। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के सर कार्य में पंचायत के पूर्व प्रधान तो कोई वर्तमान प्रधान तो कोई नये उम्मीदवारों के घरों में बैठकर तो कहीं विद्यालयों में बैठकर एक जगह सभी ग्रामीणों को बुलाकर भरवा रहें हैं सर फार्म, जिससे बड़ी पंचायत होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

चुनाव आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची का अंतिम मसौदा जारी कर दिया है। सर मतदाता सूची जो भारत में एक अनूठी मतदाता सूची सत्यापन प्रक्रिया है, और व्यापक मतदाता सत्यापन के माध्यम से सटीक, धोखाधड़ी–मुक्त चुनाव करने में इसके महत्वपूर्ण है। जिससे डबल मतदाताओं में कमी व सुधार होगा। एसडीएम अभिनीत कुमार ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं है।

# पोषाहार का समय से कराएं वितरण : डीएम

### - नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों का हैंडओवर व संचालन कराएं
### - डीएम ने अनुपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, केन्द्रों पर ऑपरेशन कायाकल्प के तहत पैरामीटरों के संतृप्तिकरण की प्रगति, लर्निंग लैब की प्रगति, पोषाहार वितरण एवं गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार वितरण, एनआरसी में बच्चों के भर्ती, पोषण ट्रैकर के अंतर्गत आधार फीडिंग, गृह भ्रमण एवं बच्चों के वजन फीडिंग, हॉट कुक्ड मील योजना, ई–कवच रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिए। समीक्षा के दौरान विकास खंड मलवां व मिटौरा के नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों का हैंडओवर व संचालन की रिपोर्ट न प्रस्तुत करने पर सीडीपीओ मलवां मिटौरा को स्पष्टीकरण देने के निर्देश संबंधित को दिए। साथ ही नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की रिपोर्ट केन्द्रों का निरीक्षण कर मौके की मय फोटो सहित रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से चरणबद्ध तरीके से समय से कराते हुए निर्माण के समय सीडीपीओ व खंड विकास अधिकारी अवश्य निरीक्षण करे और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। आंगनबाड़ी केंद्रो को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी संकेतकों से संतृप्त किया जाय। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि एनआरसी में बच्चों को भर्ती करने की क्या प्रक्रिया है, शासन द्वारा जो गाईडलाइन दी गई है के अनुसार लिखित में रिपोर्ट से अवगत कराए। बीएचएनडी सत्र में महिलाओं बच्चों किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी सभी जांचे व अनुमन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, अधिशाषी अभियंता आरईएस, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित सीडीपीओ उपस्थित रहे।

# दिल्ली विस्फोट के बाद जिले में हाई अलर्ट, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

### - सार्वजनिक स्थानों पर रैंडम चेकिंग जारी, पुलिस की विशेष टीमें सक्रिय
### - भीड़भाड़ वाले मार्गों पर रखी जा रही कड़ी निगरानी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास हुए विस्फोट की घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस गंभीर सुरक्षा चुनौती के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तत्काल हाई अलर्ट घोषित कर दिया। जिले भर में पुलिस की विशेष टीमें सक्रिय हो गई, जो रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, प्रमुख सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक लाइन, पुलिस उपाधीक्षक थरियांव वीर सिंह, शहर कोतवाल तारकेश्वर राय के नेतृत्व में पुलिस बल ने व्यापक लैग मार्च आयोजित किया। जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा की भावना जगाना और किसी भी संभावित खतरे को पहले ही नेस्तनाबूद करना था। पुलिस टीमों ने न केवल मार्च निकाला, बल्कि संदिग्ध व्यक्तियों, यात्रियों और स्थानीय नागरिकों से गहन जांच–पड़ताल भी की। रेलवे स्टेशन पर आने–जाने वाले हर यात्री की तलाशी ली गई, जबकि बस स्टॉप और बाजार क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ा दी गई। एएसपी ने कहा कि दिल्ली की घटना को देखते हुए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। टीमें 24 घंटे अलर्ट पर हैं और जनता को पूरा भरोसा है कि जिला पूरी तरह सुरक्षित है। सीओ थरियांव वीर सिंह ने कहा कि खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जिले के आला अधिकारी भी पूरी तरह सतर्क हैं। मंगलवार को पुलिस की अलग–अलग टीमें पूरे जिले में भ्रमण करती नजर आईं। जिसमें थाना स्तर पर भी लैग मार्च आयोजित किए गए। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी और किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की। शहर कोतवाल तारकेश्वर राय ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा है। लैग मार्च और चेकिंग से न केवल अपराधियों में दहशत पैदा हो रही है, बल्कि आम नागरिकों को भी यह एहसास हो रहा है कि पुलिस उनके साथ है। खुफिया एजेंसियां भी चौकन्नी हो गई हैंऔर जिले के संवेदनशील इलाकों में गुप्त निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, दिल्ली धमाके की जांच से जुड़ी किसी भी इनपुट को तत्काल अमल में लाया जा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट ने सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश जारी किए हैं जबकि एसपी कार्यालय से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। यह लैग मार्च और सघन चेकिंग अभियान जिले के विभिन्न हिस्सों जैसे रेलवे स्टेशन, जीटी रोड, बस स्टैंड, बाजार और धार्मिक स्थलों पर केंद्रित रहा। पुलिस ने वाहनों की रैंडम चेकिंग भी की और संदिग्ध सामान की जांच के लिए विशेष उपकरणों का इस्तेमाल किया।

# मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता में चौहान स्वीट प्रथम, मिला प्रशस्ति पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मंगलवार को सरदार मिलेट्स पुनरोद्धार योजनांतर्गत जनपद प्रतियोगिता कार्यक्रम के साथ नेशनल सीड्स) योजना के अंतर्गत तिलहन मेला, गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य दीप प्रज्जवलित कर सभी शुभारम्भ किया।

मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता में हाइड स्वीट हाउस, रामा स्वीट हाउस, द्विवेदी ने हिस्सा लेकर मिलेट्स रेसीपी को तैयार प्रतियेगिता मेंनिर्णायक मण्डल द्वारा मिलेट्स ष्ट खाद्य उत्पादों में प्रथम स्थान चौहान



बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश स्तरीय श्री अन्न (मिलेट्स) रेसीपी मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयल फसल अवशेष गोष्ठी एवं रबी उत्पादकता विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने

आउट स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट, मुखलाल रेस्टोरेन्ट एवं चौहान स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उत्पादों की रेसीपी तैयार किये जाने में उत्‌ स्वीट्स बाकरगंज, द्वितीय स्थान रामा स्वीट हाउस, एवं तृतीय स्थान मुखलाल स्वीट हाउस को घोषित कर प्रशस्ति पत्र देकर एवं अन्य प्रतिभागी को भी सान्त्वना पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीडीओ पवन कुमार मीना ने .षकों से फसलों के अवशेष व पराली को न जलाने की अपील की गयी। .षकों से श्री अन्न/मिलेट्स का आच्छादन विस्तार करने एवं उसके अधिक से अधिक उपभोग करने एवं श्री अन्न के गुणकारी लाग के बारे में बताया। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने संचालन किया। उद्यान निरीक्षक सुनील कुमार ने साकभाजी, बागवानी, मसालों की उन्नतशील खेती करने एवं .षकों से अपनी फसल की सिंचाई मिनी स्पिंकलर, माइक्रों स्प्रिंकलर, पोर्टेबिल स्पिंकलर आदि से कर कम लागत एवं श्रम में अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय को दुगनी करने की अपील की। इस मौके पर जिला .षि अधिकारी, उप सम्भागीय .षि प्रसार अधिकारी, सदर एवं बिन्दकी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ई०ई०सी०, भूमि संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय जलागम, अग्रणी जिला प्रबन्धक सुनील कुमार, उद्यान निरीक्षक अरविन्द कुमार, इको सहायक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रिटायर्ड फौजी की सौ बीघा जमीन पर पूर्व प्रधान ने किया कब्जा

### - सत्ता का संरक्षण होने के चलते नहीं हो रही कार्रवाई
### - समाधान दिवस समेत बटालियन में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कार्रवाई शून्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सत्ता के संरक्षण में पूर्व प्रधान लहंगी ने रिटायर्ड फौजी के परिवार की लगभग सौ बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया। पीड़ित न्याय की आस में दर–दर भटकने को मजबूर हैं। पीड़ित पूर्व फौजी ने समाधान दिवस समेत बटालियन में अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। इसके बावजूद कार्रवाई शून्य रही। पीड़ित पूर्व फौजी ने एक बार फिर डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में पूर्व फौजी लाल सिंह, धनंजय सिंह व रमेश सिंह निवासी ग्राम सुल्तानपुर परगना कोटिया गुनीर तहसील बिंदकी ने बताया कि गांव स्थित गाटा संख्या



139ख, 198ख, 206, 230, 231, 134क, 137ख, 138, 139ग समेत अन्य गाटों की लगभग सौ बीघा भूमि पर पूर्व प्रधान लहंगी रामा पासवान ने अवैध कब्जा कर लिया है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि दबंग पूर्व प्रधान को सत्ता पक्ष का संरक्षण प्राप्त है। भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत उन्होंने समाधान दिवस के साथ–साथ बटालियन में दर्ज कराई थी। बटालियन की ओर से जिलाधिकारी को पत्र भी आया। इसके बावजूद जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे दबंग पूर्व प्रधान के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार उनके परिवार को एसी/एसटी के झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकियां दे रही है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि विपक्षी रामा देवी की लगभग दो बीघा केवल भूमि है। इसके बावजूद वह पूरी भूमि पर कब्जा जमाए हुए हैं। पूर्व फौजी परिवार ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए जमीन को पूर्व प्रधान के कब्जे से मुक्त कराए जाने व दोशियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

## संदिग्ध अवस्था में सूने घर में युवक ने लगाई फांसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर मजरे रामपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में 26 वर्षीय युवक ने खाली मकान में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।जानकारी के अनुसार करनपुर मजरे रामपुर गांव निवासी स्व0 रोहित लाल का 26 वर्षीय पुत्र अनूप सिंह ने गांव में ही खाली मकान में संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब लोगों ने फांसी पर लटके युवक का शव देखा तो हड़कम मच गया। तभी किसी ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के चचेरा भाई अनिक कुमार ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने मृतक से शराब का ठेका दिलाने के नाम पर पैसा लिया था। ठेका न मिलने पर भाई ने अपना पैसा मांगा तो उसके साथ मारपीट की। मौके पर उसने पहुंच कर बीच बचाव किया। चचेरे भाई का कहना है कि उसके भाई ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि हत्या की आशंका जाहिर की है।

## युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर कबाड़ी मार्केट में मायके में रह रही 25 वर्षीय महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने पर जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जानकारी के अनुसार शहर के .ष्ण बिहारी नगर मोहल्ला निवासी अषफाक की पत्नी फरीदा ने अपने मायके पीरनपुर में मानसिक तनाव के चलते जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो उसे तत्काल उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज करा रहे भाई इमरान ने बताया कि उसका बहनोई पत्नी शराब पीने का आदी है। जिसके चलते काफी समय से लोगों के घर में झाड़ू बर्तन कर अपना पालन पोषण करती है और आज उसने मायके में ही जहर खाकर जान देने की कोशिश की।

## अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, महिला समेत दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत बीते 24 घन्टो के अन्तराल में हुये सड़क हादसों के दौरान तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कल्यानुपर थाना क्षेत्र के भौनाखेडा निवासी पितम्बर का 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार बीती शाम साइकिल से किसी काम जा रहा था। तभी मुरादीपुर व गुनीर के बीच अज्ञात वाहन टक्कर मारता हुआ निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के देवराजपुर गांव निवासी रामनरेश का 24 वर्षीय संजय अपने चाचा राजेश के साथ बाइक से सामान लेने जा रहा था। जब यह लोग सुल्तानपुर घोष गांव के समीप पहुंचे तभी सड़क पार कर रही महिला को बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गयी। इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुये सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। उधर ललौली थाना क्षेत्र के दौलतियापुर गांव निवासी रघुवीर का 60 वर्षीय पुत्र सक्ठू खेत में खाद डालकर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचा तभी अचानक सड़क पार कर रही। नील गाय से बाइक टकरा गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने अभिषेक की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गयी।

## कोयला लदे ट्रक में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एनएच 2 में मंगलवार की सुबह दिल को दहला देने वाला हादसा उस वक्त हो गया। जब आगे कोयला लदा जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे पीछे ट्रक में पीछे लदे लोहे ऐंगल बाडी फाडता हुआ चालक के जा घुसा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। उधर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर क्रेन द्वारा ट्रक को बाहर निकालते हुये चालक का पंचनामा भर विच्छेदन गृह भेजा।

बताते चलें कि मंगलवार की भोर कानपुर इलाहाबाद हाइवे में सुबह पहर कोयला लदे जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे पीछे वाले ट्रक में लदे लोहे लदे ऐंगल बाड़ी फाडते हुये चालक के जा घुसी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और मृतक की जेब से निकलते आईडी के अनुसार मृतक की पहचान धर्मेन्द्र सिंह पुत्र दलवीर सिंह निवासी नगला मोहम्दाबाद जिला फर्रूखाबाद के रूप में हुयी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## छोटे भाई की पत्नी पर झूठे मुकदमे की साजिश का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना जाफरगंज क्षेत्र के ग्राम सुल्तानगढ़ निवासी दो भाइयों ने अपने छोटे भाई की पत्नी पर झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच की मांग की है।रामप्रकाश और रवि कुमार पुत्र स्व. अच्छेलाल निवासी सुल्तानगढ़ ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका छोटा भाई शिवप्रकाश अपनी पत्नी सुमिता के साथ रहता है। दोनों के बीच आए दिन विवाद होते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुमिता द्वारा पूरे परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। पीड़ितों का कहना है कि तीनों भाई अलग–अलग अपने परिवारों के साथ रहते हैं और रोजगार के सिलसिले में अक्सर फतेहपुर जनपद से बाहर रहते हैं। इस कारण उनका किसी भी विवाद से कोई संबंध नहीं है। रामप्रकाश और रवि कुमार ने मांग की है कि यदि सुमिता की ओर से उनके विरुद्ध कोई झूठा मुकदमा लिखा जाता है तो मुकदमा दर्ज करने से पहले किसी उच्चाधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए। प्रार्थना पत्र की प्रतियां उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और थानाध्यक्ष बिंदकी को भी भेजी हैं।

# डीएपी संकट : एडीएम वित्त के आदेश को भी नहीं मानता सहकारिता विभाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भ्रष्टता के लिए जगज़ाहिर सहकारिता विभाग किसानों को लुटवाने पर आमादा है। यहाँ पर यह कहना गलत न होगा कि इस अंधेरगर्दी की ओर से ज़िले का प्रशासनिक अमला मुंह मोडे हुए है, जिससे हालात और ख़राब हो रहे हैं! सहकारिता विभाग का घाघ सिस्टम प्रशासनिक अधिकारियों की व्यवस्था से भी खिलवाड़ कर रहा है। गौरतलब है कि ज़िला प्रशासन द्वारा जनपद की सहकारी समितियों में मानक के अनुरूप खाद आवण्टन के लिए अपर जिला अधिकारी वित्त को निगरानी रखने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, बड़ी बात यह है कि सहकारिता विभाग एडीएम द्वारा हस्ताक्षरित आवंटन सूची के विपरीत ब्लैकिया छवि वाले सचिवों की पोस्टिंग वाली समितियों (बी–पैक्स) को डीएपी खाद का अतिरिक्त आवण्टन कर रहा है, जबकि सिस्टम से मेल न खाने वाली समितियों को मामूली आवंटन कर रहा है। ख़बर है कि विगत 04/05 नवंबर को बी–पैक्स हरिहरगंज के लिये एडीएम की हस्ताक्षरित आवण्टन सूची में तीन सौ बोरी डीएपी भेजने का प्रपोजल था किन्तु सहकारिता के घाघ सिस्टम ने एक भी बोरी डीएपी न भेजकर तीन सौ बोरी टीएसपी (पीपीएल) और सौ बोरी एनपीके (इफ़को) भेज दी। बताते हैं कि उपरोक्त समिति के प्रबंधतंत्र ने इस गड़बड़ी का विरोध करते हुए बमुश्किल 16 घण्टे बाद उतरवाया। ख़बर है कि इसकी शिकायत ज़िला सहकारी बैंक के चेयरमैन ने डीएम व डीआर को–आपरेटिव से की, बावजूद इसके सहकारिता विभाग ने आज तक उपरोक्त समिति को डीएपी का आवण्टन नहीं किया है, जबकि इस समिति से जुड़े किसान एक एक बोरी खाद के लिए परेशान हैं। सूत्र बताते हैं कि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक राजेश कुमार द्वारा अत्यंत संदिग्ध परिस्थितियों में विभागीय स्तर पर खाद आवण्टन पटल की ज़िम्मेदारी ग़ैर सहकारी कर्मी अनिल वर्मा (संग्रह सहायक) को सौंपी गई है, जिसपर पूर्व में भी गड़बड़ी के आरोप लगते रहे हैं। कुल मिलाकर सहकारिता विभाग खाद आवण्टन में एडीएम वित्त के आदेश में काट–छाट कर रहा है, जिससे एक तरफ़ समितियों में डीएपी की कालाबाज़ारी हो रही है, दूसरी तरफ़ शासन प्रशासन की छवि पर भी बट्टा लग रहा है। खबर डिप्टी रजिस्ट्रार प्रयागराज़ सोमी सिंह ने आज लगातार दूसरे दिन लगातार मिल रही शिकायतों पर एआरसीएस राजेश कुमार की क्लास ली, वहीं एडीएम वित्त से भी नाराज़गी जताई है। इधर ज़िला सहकारी बैंक के चेयरमैन प्रभुदत्त दीक्षित ने पुनः कहा है कि कुछ लोग जानबूझ कर खाद का संकट उत्पन्न कर रहे हैं, जिस पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सारी समस्या की जड़ संग्रह सहायक अनिल वर्मा हैं किन्तु एआरसीएस क्यों उससे चार्ज नहीं हटा रहे हैं यह बड़ा सवाल है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )